# सुंदर की आतिशी पारी ने भारत को दिलाई बराबरी

## भारत की शानदार वापसी

## अर्शदीप की घातक गेंदबाज़ी से ऑस्ट्रेलिया पर पलटवार

- अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट झटके, बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'
- भारत ने 18 .3 ओवर में हासिल किया 187 रन का लक्ष्य
- टिम डेविड (74) और स्टॉयनिस (64) की पारी बेअसर रही

**होबार्ट, 2 नवंबर. वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 49) की आतिशी पारी के दम पर भारत ने रविवार को तीसरे** टी-20 **मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली.**

ऑस्ट्रेलिया के 186 रनों के जवाब में भारत ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया. सुंदर ने 23 गेंदों पर नाबाद 49 रनों की मैच विजयी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाये. जितेश शर्मा ने मात्र 13 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया. जितेश ने भारत के लिए मैच विजयी चौका मारा.

मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े. भारत का पहला विकेट चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 16 गेंदों में (25) के रूप में गिरा. उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और दो चौके लगाये. उन्हें नेथन एलिस ने आउट किया. छठे ओवर में एलिस ने शुभमन गिल (15) को भी अपना शिकार बना लिया. इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तेजी के साथ रन बटोरे. आठवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने सूर्यकुमार यादव को आउटकर भारत को तीसरा झटका दिया. सूर्यकुमार यादव ने 11 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लागते हुए 24 रन बनाये. अक्षर पटेल 12 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुये. अक्षर पटेल का विकेट गिरने के बाद मैदान पर आये सुंदर ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 34 रन जोड़े. तिलक वर्मा 26 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुये, लेकिन उसके बाद सुंदर ने जितेश के साथ भारत को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया. ऑस्ट्रेलिया के लिए नेथन एलिस ने 36 रन देकर तीन विकेट लिये. मार्कस स्टॉयनिस और जेवियर बार्टलेट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

ऑस्ट्रेलिया की पारी में तीन विकेट लेने वाले अर्शदीप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला.

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए टिम डेविड (74) और मार्कस स्टॉयनिस (64) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 186 रन बनाये थे. टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये. ट्रैविस हेड (छह) और जॉश इंगलिस एक रन बनाकर आउट हुये. दोनों बल्लेबाजों को अर्शदीप सिंह ने आउट किया.

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये टिम डेविड ने कप्तान मिचेल मार्श के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे. दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई. नौवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल मार्श (11) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया. वरूण ने इसी ओवर में मिचेल ओवेन (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया. इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्कस स्टॉयनिस, टिम डेविड के साथ आतिशी बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर 118 के स्कोर तक ले गये. इसी दौरान शिवम दुबे ने टिम डेविड को तिलक वर्मा के हाथों कैच आउट कराकर भारत को पांचवी सफलता दिलाई. टिम डेविड ने 38 गेंदों पांच छक्के और आठ चौके लगाते हुए 74 रनों की पारी खेली. 20वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने मार्कस स्टॉयनिस को आउटकर अपना तीसरा विकेट लिया. मार्कस स्टॉयनिस ने 39 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाये.

ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 186 रनों का स्कोर बनाया. मैथ्यू शॉर्ट (26) और जेवियर बार्टलेट तीन रन बनाकर नाबाद रहे. भारत की ओर से अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिये. वरुण चक्रवर्ती को दो विकेट मिले. शिवम दुबे ने एक बल्लेबाज को आउट किया.



वॉशिंगटन सुंदर की 23 गेंदों में नाबाद 49 रनों की आतिशी पारी

पांच मैचों की सीरीज़ अब 1-1 से बराबर

### जीतकर काफी अच्छा लग रहा है : सूर्यकुमार

हमारे लिए टॉस जीतना काफ़ी अच्छा रहा, लगातार टॉस हार के सिलसिले को तोड़ना अच्छा रहा. जीतकर अच्छा लग रहा है. यह बढ़िया कॉम्बिनेशन था. वॉशिंगटन एक लचीले बल्लेबाज हैं. शुभमन और अभिषेक आग और बर्फ़ जैसे हैं, कुछ ऐसी ही स्थिति बुमराह और अर्शदीप के साथ भी है. बुमराह ने अपना काम बखूबी किया और अर्शदीप अपनी योजनाओं को लेकर काफ़ी स्पष्ट थे.

### प्लेयर ऑफ द मैच बने अर्शदीप सिंह ने कहा

मैं बस प्रक्रिया पर ध्यान देने और अपने कौशल पर भरोसा करने की कोशिश कर रहा हूं, मुझे लगता है कि जब कोई बल्लेबाज आप पर आक्रमण करता है तो उसे आउट करने की संभावना बन जाती है. मुझे भारत के लिए खेलने में मज़ा आता है, जब भी गेंदबाजी मिलती है तो गेंदबाजी का लुत्फ उठाता हूं. मैं सिर्फ़ उन चीज़ों को अमलीजामा पहनाने का प्रयास करता हूं जिनका मैंने अभ्यास किया है.

### हमने शायद 20 रन कम बनाय : मार्श

हमने शायद 20 रन कम बनाए, हमें अधिक रन बनाने का कोई रास्ता ढूंढना होगा. मुझे इंटेंट देखकर काफ़ी अच्छा लगा. ख़ासकर जिस तरह से टिम डेविड ने शुरुआती दो विकेट गिरने के बाद रन बनाए. स्टॉयनिस ने अपने अनुभव का प्रदर्शन किया, इस मुक़ाबले से हमारे पास अभी भी काफ़ी सकारात्मक पहलू हैं .पांच मैचों की सीरीज अब 1-1 से बराबर हो गयी है.



# विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय टी-20 से लिया संन्यास

**93** मैचों में 2575 रन | **18** अर्धशतक और 33 .4 की औसत

**वेलिंग्टन, 2 नवम्बर. न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने आगामी** टी-20 **विश्वकप से पहले अंतरराष्ट्रीय** टी-20 **क्रिकेट को अलविदा कह दिया है. यह फैसला उन्होंने टीम को भविष्य की दिशा देने और अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए लिया है.**

विलियमसन ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लंबे समय से टीम का हिस्सा रहना सम्मान की बात है, लेकिन यह उनके और टीम दोनों के लिए आगे बढ़ने का सही समय है. उन्होंने टीम को मिचेल की कप्तानी में आगामी सीरीज और टी-20 विश्वकप के लिए शुभकामनाएं दीं.

न्यूजीलैंड के कोच रॉब वॉल्टर ने विलियमसन के इस फैसले को %पूरी तरह समझदारी भरा% बताया. उन्होंने कहा कि क्रिकेट बहुत कुछ मांगता है और केन ने पर्याप्त योगदान दिया है. कोच ने विलियमसन के शानदार टीम मैन होने और टीम के लिए उनके अनुभव व शांत स्वभाव को अमूल्य बताया.

### अब टेस्ट पर ध्यान

टी-20 से संन्यास लेने के बाद विलियमसन का पूरा ध्यान अब टेस्ट क्रिकेट पर रहेगा. वह दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी करेंगे. न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि वह वेस्टइंडीज टेस्ट से पहले 26 नवंबर से शुरू होने वाले प्लंकेट शील्ड मैच में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के लिए खेलेंगे. चोट के कारण वह हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर रहे थे और इंग्लैंड के खिलाफ भी नहीं खेले थे.

# पंजाब एफसी ने मोहम्मडन एससी को हराया

## निनथोई, ज़ेल्जकोविच और किपगेन ने दागे शानदार गोल

पंजाब एफसी के दो मैचों में पूरे छह अंक

कोच डिलम्पेरिस की रणनीति ने फिर दिखाया असर

**बाम्बोलिम (गोवा), 2 नवंबर (वार्ता) पंजाब एफसी ने एआईएफएफ इंडियन सुपर लीग के ग्रुप सी में मोहम्मडन एससी को 3-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की. यह मैच यहां जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेला गया. इस जीत के साथ, पंजाब एफसी के दो मैचों में छह अंक हो गए हैं और वह सेमीफाइनल में जगह बनाने के एक कदम और करीब पहुंच गया है.**

निनथोइंगानबा मीतेई, समीर ज़ेल्जकोविच और मैंग्लेंथांग किपगेन ने विजेता टीम के लिए गोल किए.

पंजाब एफसी के मुख्य कोच पानागियोटिस डिलम्पेरिस ने शुरुआती लाइनअप में एक बदलाव किया और स्पेनिश मिडफील्डर दानी रामिरेज को पिछले मैच के गोल स्कोरर प्रिंसटन रेबेलो की जगह शुरुआत करने का मौका दिया, जबकि मोहम्मडन एससी के मुख्य कोच मेहराजुद्दीन वाडू ने अपने पिछले मैच की टीम में कोई बदलाव नहीं किया, जो बेंगलुरु एफसी से हार गई थी.

पहला असली मौका हाफ टाइम के बीच में आया जब बिजॉय वर्गीस ने कॉर्नर किक पर अपने शक्तिशाली हेडर को गोल से दूर जाते देखा और कुछ मिनट बाद, गोलकीपर सुभाजीत भट्टाचार्य ने शानदार बचाव करते हुए निंथोई को गोल करने से रोक दिया.

> दानी रामिरेज, मैंग्लेंथांग किपगेन, निंथोई और मुहम्मद सुहैल की जोड़ी मोहम्मडन डिफेंस को लगातार परेशान कर रही थी. पहला गोल इन चारों के शानदार वन-टच पास के बाद आया. किपगेन ने अपने बाएँ पैर से थ्रू पास देकर डिफेंस को भेद दिया, जो निंथोई के पास पहुंचा, जिन्होंने एक चतुराई से दौड़ लगाई थी और विंगर ने गेंद को गोलकीपर को छकाते हुए नेट में डाल दिया.

# वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप्स में दोहा में पंकज आडवाणी करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**बेंगलुरु.** दोहा में सोमवार से शुरू हो रही आईबीएसएफ वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप्स 2025 में तीन बार के चैंपियन पंकज आडवाणी भारत के अभियान का नेतृत्व करेंगे. पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी. इसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सीधे दूसरे चरण में प्रवेश करेंगे. पंकज आडवाणी और बृजेश दमानी को सीधे दूसरे चरण के लिए वरीयता मिली है. इनके अलावा, पारस गुप्ता, ध्वज हरिया, मलकीत सिंह और मोहम्मद हुसैन अंतिम चरण में जगह बनाने की कोशिश करेंगे. महिला वर्ग की प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू होगी, जिसमें मौजूदा राष्ट्रीय 6-रेड चैंपियन कीर्तना पांडियन और प्रतिभाशाली नताशा चेतन सहित छह भारतीय खिलाड़ी शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी.



# उन्नति हुडा सेमीफाइनल में हारीं हाइलो ओपन से भारत बाहर

**सारब्रुकन (जर्मनी )`2 नवंबर. उन्नति हुडा के महिला एकल के सेमीफाइनल मैच में इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर सात खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वरदानी से हारने के बाद हाइलो ओपन 225 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई.**

खेले गये सेमीफानइल मुकाबले में 18 साल की उन्नति हुडा को वरदानी से 21-7, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 34वें नंबर पर मौजूद उन्नति हुडा की शुरुआत धीमी रही जबकि वरदानी ने शुरू में ही लय पकड़ ली, जिससे भारतीय खिलाड़ी नेट पर कई अनफोर्स्ड गलतियां करने पर मजबूर हो गई.

# सिनर पेरिस मास्टर्स के फाइनल में

## विश्व नंबर 1 रैंकिंग के करीब

- ज़्वेरेव को 6-0, 6-1 से हराया
- अब फाइनल में ओगर-अलियासिम से भिड़ंत

**पेरिस, 2 नवम्बर. इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर ने शनिवार को पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को महज़ एक घंटे में** 6-0, 6-1 **से रौंदकर फाइनल में जगह बनाई. इस शानदार जीत से सिनर अब विश्व नंबर 1 रैंकिंग हासिल करने के बेहद करीब पहुँच गए हैं.**

यदि चार बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर रविवार को फाइनल जीतते हैं, तो वह छह बार के मेजर विजेता कार्लोस अल्कराज़ को पछाड़कर शीर्ष स्थान पर काबिज हो जाएंगे. फाइनल में सिनर का सामना नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ओगर-अलियासिम से होगा. ओगर-अलियासिम ने सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर बुब्लिक को 7-6[3], 6-4 से हराया था.



### खिताब पर निगाहें

सिनर इस सीज़न के अपने पाँचवें खिताब के लिए प्रयास करेंगे, जबकि ओगर-अलियासिम चौथे खिताब के लिए कोर्ट पर उतरेंगे. हेड-टू-हेड में दोनों 2-2 की बराबरी पर हैं, हालांकि सिनर ने पिछले दो मुकाबले जीते हैं.

# स्वियाटेक ने शानदार जीत से की शुरुआत

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स : कीज को सीधे सेटों में हराया

मैडिसन कीज को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से हराया

कीज ने की सात डबल फॉल्ट, पाँच बार गंवाई सर्विस

**रियाद, 2 नवम्बर. विंबलडन चैंपियन इगा स्वियाटेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेरेना विलियम्स ग्रुप के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता मैडिसन कीज को सीधे सेटों में 6-1, 6-2 से आसानी से हरा दिया.**

स्वियाटेक ने अपनी सर्विस पर जबरदस्त दबदबा बनाए रखा, जबकि कीज अपनी सर्विस में संघर्ष करती रहीं, उन्होंने सात डबल फॉल्ट किए और पाँच बार सर्विस गंवाई. कीज, जिन्होंने यूएस ओपन के बाद दो महीने से ज़्यादा समय तक कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था, के प्रदर्शन पर इसका असर स्पष्ट दिखा.



स्वियाटेक ने अपनी जीत का श्रेय पूरे मैच के दौरान बनाए गए फोकस और सर्विस को दिया.

सेरेना विलियम्स ग्रुप के अन्य मुकाबले में, एलेना रिबाकिना ने अमांडा अनिसिमोवा को केवल 57 मिनट में 6-3, 6-1 से हराया.

**रचा इतिहास** | वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय ट्रैप शूटर, चार ओलंपिक में किया देश का प्रतिनिधित्व

# मानवजीत संधू बने शॉटगन शूटिंग के शहंशाह

**नई दिल्ली, 2 नवम्बर. भारतीय ट्रैप शूटर मानवजीत सिंह संधू, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का गौरव बढ़ाया है, 3 नवंबर 1976 को अमृतसर में जन्मे थे. अपनी लंबी कद-काठी, सटीक निशाने और शांत स्वभाव के लिए मशहूर संधू भारतीय शूटिंग टीम के एक अनुभवी और प्रेरणास्त्रोत खिलाड़ी माने जाते हैं.शूटिंग का खेल उन्हें विरासत में मिला है.**

उनके पिता गुरबीर सिंह संधू एक ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता रहे हैं, और उन्होंने ही मानवजीत को व्यक्तिगत तौर पर प्रशिक्षित भी किया.

मानवजीत सिंह संधू की अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत शानदार रही. 1998 के एशियाई खेलों में उन्होंने सिल्वर मेडल और उसी साल कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता, जिसने उन्हें भारत का स्टार खिलाड़ी बना दिया.

उनका करियर का सबसे बड़ा क्षण 2006 में आया, जब उन्होंने जागरेब में आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप की ट्रैप स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया. इस जीत के साथ, वह वर्ल्ड चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय शॉटगन निशानेबाज बने और विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुँच गए. वह अभिनव बिंद्रा के बाद विश्व स्तर की चैंपियनशिप में गोल्ड जीतने वाले दूसरे भारतीय निशानेबाज भी बने.



मानवजीत ने चार बार ओलंपिक (2004, 2008, 2012 और 2016) में देश का प्रतिनिधित्व किया. हालाँकि, वह ओलंपिक पदक हासिल करने से चूक गए.एशियाई खेलों में संधू का प्रदर्शन लगातार मजबूत रहा. उन्होंने 1998, 2002 और 2006 के एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर कुल चार रजत पदक हासिल किए.

> एशियाई रिकॉर्ड- मानवजीत सिंह संधू के नाम 125 में से 124 लक्ष्यों का एशियाई रिकॉर्ड दर्ज है. अन्य उपलब्धियाँ- उन्होंने एशियन क्ले शूटिंग चैंपियनशिप में 6 गोल्ड मेडल और 2010 में मैक्सिको में हुए विश्व कप में भी गोल्ड मेडल जीता. राष्ट्रीय चैंपियनशिप- नवंबर 2016 में 60वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप (एनएससीसी) शॉटगन में उन्होंने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में चैंपियन बनकर अपनी फॉर्म को बरकरार रखा. शूटिंग में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मानवजीत सिंह संधू को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है.

# प्रमोद-सुकांत, नितेश और मनीषा सहित भारत ने जीते पांच स्वर्ण

## पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल : भारतीय पैरा शटलरों की जकार्ता में स्वर्ण वर्षा

**जकार्ता, 2 नवम्बर. भारतीय पैरा-बैडमिंटन दल ने इंडोनेशिया पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक सहित कई पदक हासिल किए और टूर्नामेंट में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई. टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और सुकांत कदम की जोड़ी ने भारत के लिए स्वर्णिम सफलता का नेतृत्व किया.**

टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल स्ल3-स्ल4 वर्ग का स्वर्ण पदक जीता.



फाइनल मुकाबले में उन्होंने इंडोनेशिया के ड्वियोको और सेतियावान की जोड़ी को सीधे सेटों में 21-16, 21-12 से हराया.

जीत के बाद प्रमोद भगत ने कहा कि इतने चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंट के बाद सुकांत के साथ स्वर्ण जीतना अविश्वसनीय है, जो उनकी कड़ी मेहनत को दर्शाता है.